## एक नजर में

### धार में 22 मदिरा दुकानों के ई-टेंडर आज

**धार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) की अवधि के लिए धार जिले में स्थित 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों के एकल समूहों में से पूर्व चरणों में निष्पादन से शेष रही 22 कंपोजिट मदिरा दुकानों के 09 एकल समूहों का निष्पादन आठवें चरण में किया जाएगा। निर्धारित आरक्षित मूल्य पर इन समूहों का निष्पादन ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से एनआईसी (*NIC*) के पोर्टल *http://mptenders.gov.in* पर किया जाएगा।

सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि ई-टेंडर हेतु ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र 27 मार्च 2026 को दोपहर 12.05 बजे से खोले जाएंगे। ऑक्शन की प्रक्रिया 27 मार्च 2026 को अपरान्ह 4.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होगी। यदि निर्धारित समयावधि के अंतिम क्षणों में बोली प्राप्त होती है, तो प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल में समयावधि में वृद्धि की जाएगी।

ई-टेंडर संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने पर अथवा 27 मार्च 2026 को अपरान्ह 4 बजे (जो भी बाद में हो) खोले जाएंगे। इसके पश्चात जिला समिति द्वारा ई-टेंडर प्रक्रिया का निराकरण किया जाएगा। म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 45, तिथि 20 फरवरी 2026 तथा आबकारी आयुक्त, म.प्र. ग्वालियर के निर्देशानुसार ई-टेंडर फॉर्म की कीमत प्रति समूह 30,000 रुपए निर्धारित की गई है, जो अवापसी योग्य नहीं होगी। इच्छुक आवेदकों (व्यक्ति/फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप/कंपनी/कंसोर्टियम) को ई-टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु ई-आबकारी पोर्टल पर वर्ष 2026-27 के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विस्तृत नियम, शर्तें एवं प्रक्रिया पोर्टल *http://mptenders.gov.in* तथा मध्यप्रदेश आबकारी विभाग की वेबसाइट *http://e&cise.mp.gov.in* पर उपलब्ध हैं। मदिरा दुकानों/समूहों की सूची, आरक्षित मूल्य, टेंडर फीस, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला धार से निर्धारित समयावधि में प्राप्त की जा सकती है।

### भूमिका शर्मा 91 प्रतिशत लाकर स्कूल में अव्वल

**बदनवार।** पब्लिक हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पैटर्न विद्यालय बदनावर का बोर्ड परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत उत्कृष्ट



रहा। कक्षा पांचवी से 50 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तियां हुए।। प्रथम श्रेणी में कुमारी भूमिका शर्मा पिता राहुल शर्मा ने 91.25 प्रतिशत बनाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयतनूर पिता शाहिबहुसैन ने 90.5त्न बनाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खुशी सिंगार पिता महेशजी सिंगार ने 89.5त्न बनाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। दक्षनर्वे पिता रूपचंदजीनर्वे ने 89.5त्नबनाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। धीरा कांतिलालजी सीरवी ने 88.75त्नबनाकर विद्यालय मैं चौथा स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशी मनोहरजी यादव ने 84.25त्न बनाकर विद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा जिसमें 39 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। एवं समस्त विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तनु कांतिलालजी सीरवी ने 90.16त्नबनाकर विद्यालय मैं प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशी वीरेंद्रजी परमार ने 88त्न बनाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। माही मुकेशजी हारोड ने 87.66त्न बनाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। हर्षिका योगेशजी राठौड ने 87.5त्न बनाकर विद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त किया। पलक संतोषजी मोहरी ने 86.5 बनाकर विद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त किया। समस्त विद्यार्थियों को प्रबंधन समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ-साथ हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

### गुरुदेव के दर्शनाथ 1500 किमी दूर से स्कूटी से मोहनखेड़ा आया श्रद्धालु



**टांडा ।** आस्था का केंद्र मोहनखेड़ा तीर्थ पर लाखों श्रद्धालु दादा आदिनाथ एवं दादा गुरुदेव राजेंद्र सूरीजी महाराज के दर्शन पूजन वंदन करने प्रति वर्ष आते हे कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर अपने प्रण अनुसार भी आते हे कोई दूर दूर से पैदल चल कर भी आते हे आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से मदन जी गोवाणी लगभग 1500 किलोमीटर का सफर दो पहिया वाहन स्कूटी से तीन दिन में पूरा करके मोहनखेड़ा आए इन्होंने दादा आदिनाथ तथा दादा गुरुदेव के दर्शन वंदन पूजन किया। मदन जी गोवाणी ने टांडा पहुंचकर टांडा में विराजित वर्तमान आचार्य सु विशाल गच्छाधिपति धर्म दिवाकर ह्रदय सम्राट नित्यसेन सूरीजी महाराजा वरिष्ठ मुनिराज विद्वतरत्न विजय जी महाराज सा मुनिराज निर्भयरत्न विजय जी महाराज सा तथा वरिष्ठ साध्वीजी अविचल दृष्टा श्री जी महाराज सा आदि ठाणा दस के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर टांडा जैन श्री संघ ने मदन जी गोवाणी का तिलक माला शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया ।

### पीएमश्री विद्यालय पिपरी में प्रवेशोत्सव की तैयारी शिक्षक घर-घर जाकर दे रहे दस्तक

**बाग।** ग्राम पंचायत पिपरी मे संचालित पीएम श्री एकीकृत शा.हाई स्कूल पिपरी मे मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अकादमिक सत्र 2026-27 का दिनांक 1अप्रैल 2026को प्रवेशोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही हैं। संस्था के प्रभारी प्राचार्यो जगदीश अलावा के निर्देशानुसार विधालय मे कार्यरत समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं के द्वारा विधालय के कैंचमेंट क्षेत्र मे आने वाले समस्त विधालयों के अप्रवेशी विधार्थियों को शाला मे वापस लाने के लिए ग्राम पंचायत पिपरी कुडूजेता मे गहन संपर्क किया जा रहा है।जिससे प्रवेशोत्सव मे सामुदायिक सहभागिता बढाने के लिए घर-घर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिससे जन समुदाय जनप्रतिनिधियों पालकों एवं विधार्थियों को प्रवेशोत्सव की जानकारी हो। तथा विधार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो सकें।

# सिंघाना में बरसों से चली आ रही शौर्य, शक्ति और पराक्रम दिखाने की परंपरा

## गणगौर का आकर्षण कुछ कम हुआ है, लेकिन फिर भी जीवंत है शौर्य, शक्ति और पराक्रम गुड़ तोड़ने की यह अनमोल परम्परा

**पंडित संजय कुमार मिश्रा**

**सिंघाना। आज के दौर में पुरानी संस्कृति और परम्पराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। युवा वर्ग का रुझान इन प्रचलनों की तरफ कम होने लगा है। साथ ही कई युवक ऐसे भी है, जो इन परंपराओं को जीवंत रखने के लिए उनका निर्वहन करने का प्रयास कर रहे हैं।**

हमारे यहां ऐसी ही एक पुरानी परंपरा है, गुड़ तोड़ने अथवा गुड़ उतरने की हालांकि इसके प्रति आकर्षण बिलकुल कम नहीं हुआ है और आज भी जीवंत है यह परंपराज सिंघाना में आस्था व भक्ति के साथ उत्साह का अद्भुत संगम प्रसिद्ध गणगौर महापर्व नगर सिंघाना में देखने को मिला यहां छः दिवसीय गणगौर महापर्व के



अंतिम दिवस में क्षत्रिय सिर्वी समाज सिंघाना द्वारा परंपरागत सिंघाना का हृदय स्तंभ झंडा चौक प्रांगण में गुड तोड़ने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें सभी युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 31 फीट ऊंचे खंभे पर गुड़ चना बांधा फिर गुड़ तोड़ने के लिए युवक लकड़ी के सहारे ऊपर चढ़े चढ़ने के दौरान वहां मौजूद छोटे बच्चों के द्वारा सिंधी की शोटियो चढ़ने वाले युवकों पर मारने का क्रम कर करते रहे यह प्रक्रिया 7 बार होती है उत्सव देखने के लिए आसपास क्षेत्र से 30 गांवों से हजारों संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम देखने आते हैं यह परंपरागत कार्यक्रम सिर्वी समाज युवा संगठन एवं समाज के वरिष्ठों के मार्गदर्शन में संपन्न होता है।

**भाईचारे और वीरता का प्रतीक**-गांव के समाज के वरिष्ठों ने बताया कि यह परंपरा न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह आपसी भाईचारे और साहस का भी प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह खंभे की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई।

# सीएचओ ने विधायक ग्रेवाल को सौंपा ज्ञापन



**सरदारपुर । विधायक प्रताप ग्रेवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांगों को पूर्ण करने की मांग रखी है।**

ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मध्यप्रदेश की सरदारपुर इकाई द्वारा गुरूवार को विधायक कार्यालय सरदारपुर पर पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि वर्तमान में जो जनवरी 2026 से पी.बी.आई. लक्ष्य प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को दिया गया है वह लक्ष्य पूर्ण कर पाना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा दिए गये ज्ञापन में मांग की गयी है कि पी.बी.आई. लक्ष्य में संसोधन कर जो चिकित्सकीय लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने में सभंव हो ऐसा परिवर्तन किया जाये। साथ ही वर्तमान में दूसरे अन्य राज्यो की तरह प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के मासिक मानदेय में कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि को सम्मिलित कर मासिक मानदेय प्रदान किया जावें। जिससे की पी.बी.आई. भुगतान में हो रही समस्या को समाप्त किया जा सके। ज्ञापन में मांग की गयी है कि लंबित मासिक मानदेय व कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि यथा शीघ्र दिया जावे। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा दिए गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर शीघ्र ही सीएचओ की मांगो को पूर्ण करने की मांग रखी। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

# अनर्गल टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज ने सौंपा आवेदन

### *कोतवाली टीआई से की ठोस कार्रवाई की मांग*

**धार। नगर के गोपाल पाल ने ब्राह्मण समाज और देवी-देवताओं पर अनर्गल टिप्पणी की है। इसे लेकर सर्वब्राह्मण समाज में आक्रोश फैल गया। समाज बंधुओं का एक प्रतिनिधि मंडल कोतवाली पहुंचा और टीआई दीपक चौहान को आवेदन सौंपा। आवेदन में पाल के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की है।**

आवेदन में लिखा है कि वर्तमान में दूसरे देशों के युद्ध का असर भारत में है। इसको लेकर इन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि एक ब्राह्मण के मंत्र में शक्ति हो तो गैस और पेट्रोल का जहाज उडा के हिंदूस्तान में ले आए। इसके अलावा आज भारत का कोन सा देवी देवता है जो गैसऔर पेट्रोल ला सकता है। ये लगातार सोशल मीडिया पर सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी कर रहे है। हम ब्राह्मण समाज के लोग सभी जातियों का सम्मान करते है। इनके द्वारा समाज और धर्म के नाम पर की जा रही टिप्पणी को लेकर समाज आहत है। इस दौरान सर्वब्राह्मण समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, श्रीकांत द्विवेदी, प्रवीण शर्मा, अमित मंडलोई, चुन्नु वाजपेयी, अविनाश शर्मा, प्रशांत रावल, राजेश शर्मा, चेतन शर्मा, सूर्या दुबे, राजा शर्मा, रूद्र शर्मा, निलेश जोशी, मनीष भार्गव, जितेंद्र पंडया आदि मौजूद थे।



# मां खोडियार मंदिर माता मंदिर में 2011 से जल रही नैनादेवी की अखंड ज्योत

**नागदा ।** मऊ-नीमच रोड से करीब 3 किमी अंदर ग्राम बामांदा में मां खोडियार मंदिर स्थित है।

माता मंदिर में 2011 से जल रही नैनादेवी की अखंड ज्योत... संतान प्राप्ति के बाद लोग बच्चे की तस्वीर मंदिर में लगाते हैं नवरात्रि पर्व पर मऊ-नीमच रोड से करीब 3 किलोमीटर अंदर ग्राम बामांदा के मां खोडियार मंदिर में दूर-दूर से भक्त मनोकामना लेकर पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में दिनभर भीड़ बनी रहती है।

मंदिर के पुजारी विक्रम पंडा ने बताया कि यहां खोडियार माता की महिमा निराली है। मंदिर में खोडियार माता के साथ अंबे माता की प्रतिमा है। नैना देवी की प्रतिमा भी स्थापित है। खास बात यह है कि 2011 में हिमाचल प्रदेश से लाई गई नैना देवी की ज्योत आज भी अखंड जल रही है। मंदिर परिसर में भेरूजी की गादी भी स्थापित है।

संतान प्राप्ति की कामना वाले लोग ज्यादा पहुंचते हैं। लकवा, पक्षघात से पीडति लोग भी यहाँ आते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि माता के आशीर्वाद से उन्हें संतान सुख मिला। कई लोग अपने बच्चों की तस्वीर मंदिर परिसर में लगाते हैं। मान्यता है कि खोडियार माताजी, मोगल माताजी सहित सात बहनों का नाम लेकर धूणा की सात परिक्रमा करने से संतान प्राप्ति होती है।

# बांदेड़ी सेक्टर में आंगनवाड़ी बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण

**सरदारपुर ।** सरदारपुर परियोजना-1 के अंतर्गत सेक्टर बांदेड़ी की आंगनवाड़ी सगवाल क्रमांक 1 एवं 2 में बच्चों को विद्यआराम प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच रेखा मावी उपस्थित रहीं, जबकि उपसरपंच कमल सिरोड़िया के साथ आंगनवाड़ी सगवाल क्रमांक 1 की कार्यकर्ता मंजू सोलंकी एवं वर्षा दुबे सहायिका सविता परमार एवं संगीत सोलंकी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विद्यआराम प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर बच्चों के



माता-पिता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना एवं उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लोक सेवा गारंटी अधिनियम में 1500 रुपये का फाइन

### *समय-सीमा में सेवाएं प्रदान नहीं करने पर कार्रवाई*

**धार।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर संजीव केशव पाण्डेय ने लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत समय-सीमा से बाह्य प्रकरणों के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरदारपुर ज्ञर जौशुआ पीटर पर 3 प्रकरण समय-सीमा से बाह्य होने पर प्रति प्रकरण 500 रुपये के मान से 1500 रुपये की शास्ति अधिरोपित किए जाने का आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के तहत संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित मद में एक सप्ताह के भीतर चालान के माध्यम से राशि जमा कर उसकी पावती कार्यालय कलेक्टर, लोक सेवा प्रबंधन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

## एक नजर में

**हास्य कवि बलवंत बल्लू और अशोक नागर ने भी अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया**

# कवि सम्मेलन में वीरता, हास्य और भावनाओं का संगम

**बदनावर ।** नगर परिषद द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में वीर रस, हास्य रस और गीत-गजल की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा देशभर से पधारे कवियों का स्वागत कर किया गया।

सम्मेलन में वीर रस के कवि जगदीश सोलंकी (कोटा) और अशोक चारण (जयपुर), हास्य रस के बलवंत बल्लू (उदयपुर), अशोक नागर (शाजापुर), संजय खत्री (इंदौर) एवं गोपाल कावलिया (बदनावर), साथ ही गीत-गजल के शुभम त्यागी (मेरठ) और गीतकार अमितोष माथुर (बदनावर) ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि राकेश मोहन शर्मा (बदनावर) ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली से आई श्रृंगार रस की कवियित्री शुभम त्यागी ने सरस्वती वंदना के साथ की। इसके बाद बदनावर के हास्य कवि गोपाल कावलिया ने गौमाता पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं से खूब दाद बटोरी। गीतकार अमितोष माथुर ने बेटियों पर भावपूर्ण रचना प्रस्तुत की, जिस पर श्रोताओं ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया।

इसके पश्चात बेटमा से आए हास्य कवि संजय खत्री ने अपने अनोखे अंदाज में हास्य कविताएं सुनाकर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। वीर रस के कवि अशोक चारण ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता से श्रोताओं




में जोश भर दिया।

हास्य कवि बलवंत बल्लू और अशोक नागर ने भी अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और तालियां बटोरीं। वहीं वीर रस के कवि जगदीश सोलंकी की ओजस्वी प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए राकेश मोहन शर्मा ने अपनी प्रतिनिधि कविताएं सुनाकर माहौल को जीवंत बनाए रखा। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिह दत्तीगांव थे। अन्य अतिथियो में पूर्व राज्यमंत्री महेंद्रसिंह पिपलीपाडा, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौ?, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, भाजपा नेता मनोज ऊंटवाल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर् यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, भाजपा नेता राजेंद्र सराफ, प्रितेशसिह पंवार, देवेंद्र मोदी, नारायणसिंह देव?ा आदि भी अतिथि रूप में मंचासीन थे। नपाध्यक्ष मीना शेखर् यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, सीएमओ लालसिंह राठौर, मेला समिति अध्यक्ष चेनाबाई भेरूलाल डामर, पार्षद भारती राठौ?, जितेंद्र शर्मा, अनिता सन्तोष चौहान, दीपक जाधव, झन्नुबाई सिर्वी, सन्तोष राव, सुखराम देवदा, महिपालसिह पंवार, जगदीश पाटीदार, बबिता चेतन नागल, मुकेश पाठक आदि ने अतिथियो का स्वागत किया। नपाध्यक्ष मीना शेखर् यादव ने स्वागत भाषण देते हुए मेले में नगर परिषद की ओर से किए गए नवाचार के बारे में बताया।